एसजेवीएन लिमिटेड

(भारत सरकार एवं हि.प्र.सरकार का संयुक्त उपक्रम)

कारपोरेट कार्यालयःशक्ति सदन, कारपोरेट कार्यालय परिसर, शनान, शिमला-171006

सीआईएन: एल40101एचपी1988जीओआई008409

www.sjvn.nic.in

उभरते संगठन में रोजगार के अवसर

विज्ञापन सं: **83/2018** अंतिम तिथि **30-07-2018**

एसजेवीएन लिमिटेड, एक श्रेणी–I मिनी रत्न शेड्यूल 'ए' सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अधीन एक 6000 मेगावाट की बहु-इकाई कंपनी के रूप में उभर रहा है। एकल परियोजना (हिमाचल प्रदेश में भारत का सबसे बड़ा 1500 मेगावाट का नाथपा झाकड़ी जलविद्युत स्टेशन) से प्रारंभ करके वर्तमान में कंपनी भारत में हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखण्ड राज्यों के अतिरिक्त पड़ोसी देशों यथा नेपाल और भूटान में जल विद्युत परियोजनाएं कार्यान्वित कर रही है। एसजेवीएन की वर्तमान स्थापित क्षमता 1990.6 मेगावाट (1912 मेगावाट जलविद्युत+73.6 मेगावाट पवन विद्युत+5 मेगावाट सौर विद्युत से युक्त) है। एसजेवीएन ने अपने फलक का विस्तार किया है तथा ऊर्जा एवं विद्युत पारेषण के परंपरागत तथा गैर-परंपरागत क्षेत्रों में स्वयं को विकसित करते हुए एक बहुराष्ट्रीय विद्युत कंपनी के रूप में स्थापित करने की योजना है।

कंपनी **कनिष्ठ अभियंता (प्रशिक्षु)/कनिष्ठ अधिकारी (प्रशिक्षु)** के पद हेतु पात्र अभ्यर्थियों से निम्नलिखित पदों हेतु आवेदन आमंत्रित करती है:

विधा	पदों की संभावित संख्या	भारत के मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से शैक्षणिक अर्हता	अंकों का प्रतिशत	ऊपरी आयु सीमा
सिविल	20	सिविल इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक डिप्लोमा	निर्धारित अर्हता में अनु.जा./ अनु.ज.जा./ शारीरिक रूप से विकलांग के लिए कुल 50% अंक तथा अन्यों के लिए 55% अंक।	**आवेदन की अंतिम तिथि को 30 वर्ष**
इलेक्ट्रिकल	12	इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक डिप्लोमा		
मैकेनिकल	8	मैकेनिकल इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक डिप्लोमा		
मानव संसाधन	6	कार्मिक प्रबंधन/सामाजिक कार्यों/श्रम कल्याण/व्यावसायिक प्रबंधन/कार्यालय प्रबंधन/लोक प्रशासन में एक/दो वर्ष की पूर्णकालिक स्नोतकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा सहित स्नातक		
वित्त एवं लेखा	6	इंटर सीए अथवा इंटर सीएमए (सामान्य उत्तीर्ण) अथवा पूर्णकालिक एम.कॉम		

वेतनमान, भत्ते एवं लाभ:

चयनित अभ्यर्थियों को एक साल की प्रशिक्षण अवधि के दौरान नियुक्ति की प्रथम तिमाही में यथा प्रयोज्य प्रतिमाह 16,000/- रुपए के मूल वेतन प्लस महंगाई भत्ते (मूल वेतन पर) से युक्त समेकित वृत्तिका अदा की जाएगी। स्थायी होने पर16000/- - 3% - 35,500/- रुपए के वेतनमान पर नियमित किया जाएगा, जिसमें मूल वेतन तथा महंगाई भत्ता के अतिरिक्त इसमें एचआरए तथा कंपनी आवास, विशेष ड्यूटी भत्ता, दूरस्थ क्षेत्र भत्ता, वर्दी, अवकाश प्रतिपूर्ति, एचबीए, बहुउद्देश्यीय अग्रिम, व्यापक सामाजिक सुरक्षा एवं बीमा, उदार चिकित्सा सुविधाएं, ग्रेच्यूटी, पीएफ आदि (वर्तमान कंपनी नियमों के अनुसार) जैसे आकर्षक भत्ते एवं लाभ शामिल हैं।

इसके साथ ही असंगठित पर्यवेक्षकों का दिनांक 01.01.2017 से वेतन संशोधन का मामला ऐसे चयनित अभ्यर्थियों को संशोधन पूर्व वेतनमानों पर विचार किए बिना दिनांक 01.01.2017 से संशोधित वेतनमान में एस-1 (नियमित किए जाने पर) के वेतनमान में रखे जाने के परिप्रेक्ष में विचाराधीन है।

चयन प्रक्रिया

सभी पदों के लिए अभ्यर्थियों को शिमला में लिखित परीक्षा की प्रक्रिया से गुजरना होगा तथा कोई भी साक्षात्कार नहीं होगा।

अनु.जा./अनु.ज.जा./दिव्यांग/अ.पि.वर्ग/भूतपूर्व सैनिकों तथा जम्मू एवं कश्मीर के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण, छूट एवं रियायतें :

<table>
<tr><th colspan="7">रिक्तियों का विधावार एवं श्रेणीवार विवरण</th></tr>
<tr><th colspan="7">हिमाचल प्रदेश स्थित परियोजनाओं/कार्यालयों के लिए रिक्तियां</th></tr>
<tr><th rowspan="2">पद</th><th rowspan="2">पदों की संभावित संख्या</th><th colspan="5">आरक्षण</th></tr>
<tr><th>अनारक्षित</th><th>अनु.जा.</th><th>अनु.ज.जा.</th><th>अन्य.पि.वर्ग (गैर क्रीमीलेयर)</th><th>पीडब्ल्यूडी (ग्रुप-'सी')</th></tr>
<tr><td>सिविल</td><td>12</td><td>9</td><td>0</td><td>0</td><td>3</td><td rowspan="11">1 एचएच तथा 1 ओएच</td></tr>
<tr><td>इलेक्ट्रिकल</td><td>8</td><td>7</td><td>0</td><td>0</td><td>1</td></tr>
<tr><td>मैकेनिकल</td><td>6</td><td>4</td><td>0</td><td>0</td><td>2</td></tr>
<tr><td>मानव संसाधन</td><td>4</td><td>2</td><td>1</td><td>0</td><td>1</td></tr>
<tr><td>वित्त एवं लेखा</td><td>4</td><td>3</td><td>1</td><td>0</td><td>0</td></tr>
<tr><td colspan="6">उत्तराखंड स्थित परियोजनाओं/कार्यालयों के लिए रिक्तियां</td></tr>
<tr><td>सिविल</td><td>8</td><td>6</td><td>1</td><td>0</td><td>1</td></tr>
<tr><td>इलेक्ट्रिकल</td><td>4</td><td>4</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td></tr>
<tr><td>मैकेनिकल</td><td>2</td><td>2</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td></tr>
<tr><td>मानव संसाधन</td><td>2</td><td>2</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td></tr>
<tr><td>वित्त एवं लेखा</td><td>2</td><td>2</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td></tr>
</table>

सेवा अनुबंध बॉन्ड

सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी से संबंधित चयनित अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने और तदुपरांत न्यूनत्तम 3 साल के लिए कंपनी में सेवा करने के लिए 100,000/- रुपए का सेवा अनुबंध बॉन्ड निष्पादित करना होगा। यह राशि अनु.जा., अनु.ज.जा. तथा पीडब्ल्यूडी श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए 50,000/- रुपए है।

अनु.जा./अनु.ज.जा./दिव्यांग/अ.पि.वर्ग,भूतपूर्व सैनिक तथा जम्मू एवं कश्मीर के अभ्यर्थियों के लिए छूट एवं रियायतें :

i. ऊपरी आयु सीमा में नियमानुसार यथा लागू अनु.जा./अनु.ज.जा. को 5 वर्षों तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) को 3 वर्षों की छूट।

ii. दिव्यांग अभ्यर्थियों को उपरोक्त वर्णित आयु सीमा में छूट के अतिरिक्त 10 वर्षों की छूट।

iii. अनु.जा./अनु.ज.जा./दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए आवेदन-शुल्क में छूट होगी।

iv. अनु.जा./अनु.ज.जा./दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए कोई आवेदन शुल्क देय नहीं है, परंतु उन्हें अनु.जा./अनु.ज.जा. अथवा दिव्यांग श्रेणी से संबंधित होने के प्रमाण के रूप में भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र की प्रतिलिपि अवश्य प्रस्तुत करनी होगी जिसे ऑफर जारी करने से पहले दस्तावेजों के सत्यापन के समय प्रस्तुत करना होगा।

जम्मू एवं कश्मीर के अभ्यर्थियों को छूट

जम्मू एवं कश्मीर राज्य से दिनांक 01.01.80 से 31.12.89 तक सामान्यतः अधिवासी अभ्यर्थियों को ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट है।

भूतपूर्व सैनिक

भारत सरकार के मार्ग-निर्देशों के अनुसार भूतपूर्व सैनिकों के लिए 14.5% पद आरक्षित हैं, जिसमें अपंग भूतपूर्व सैनिकों और कारवाई के दौरान मारे गए सैनिकों के आश्रितों के लिए 4.5% आरक्षण शामिल है।

दिव्यांगों हेतु आरक्षण

निम्नलिखित अक्षमताओं वाले दिव्यांग अभ्यर्थी आवेदन हेतु पात्र हैं:

विधा	पदनाम	चिह्नित अक्षमताएं	लेजेन्ड
सिविल	कनि.अभियंता प्रशिक्षु	ओए, ओएल	ओए : एक बाजू ओएल : एक टांग बीएल : दोनों टांगें एचएच : श्रवण विकलांगता
इलेक्ट्रिकल	कनि.अभियंता प्रशिक्षु	ओएल, एचएच	
मैकेनिकल	कनि.अभियंता प्रशिक्षु	ओएल, एचएच	
वित्त एवं लेखा	कनि.अधिकारी प्रशिक्षु	ओए, ओएल, बीएल, एचएच	
मानव संसाधन	कनि.अधिकारी प्रशिक्षु	ओए, ओएल, बीएल, एचएच	

सामान्य शर्तें:

1. केवल उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हि.प्र., पंजाब, हरियाणा, जम्मू एवं कश्मीर तथा चंडीगढ के अधिवासी अभ्यर्थी ही आवेदन करने हेतु पात्र है। दस्तावेज प्रमाणीकरण के लिए बुलाए जाने पर अभ्यर्थियों को अपना अधिवास प्रमाण-पत्र पेश करना होगा।
2. उम्मीदवार की आयु विज्ञापन में दी गई आवेदन की अंतिम तिथि को उपरोक्त निर्धारित ऊपरी आयु-सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए।
3. उपरोक्त सभी पदों के लिए अभ्यर्थियों के पास भारत के मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से शैक्षणिक योग्यताएं होनी चाहिए तथा वे अभ्यर्थी जिनका अंतिम परिणाम घोषित हो चुका है केवल उन्हें ही पात्र माना जाएगा। **परिणाम प्रतीक्षित अभ्यर्थी आवेदन न करें।**
4. केन्द्रीय/राज्य सरकार/ सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत व्यक्ति अपने आवेदन उचित माध्यम द्वारा भेजें। हालांकि, वे अपने आवेदन की एक अग्रिम प्रति ऑनलाईन आवेदन के पश्चात आवश्यक संलग्नकों के साथ भेज सकते हैं।
5. अधूरे/अप्रस्तुत आवेदनों को तुरंत रद्द कर दिया जाएगा। **उनकी उम्मीदवारी के संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।**
6. आवेदन करने वाले उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि वे सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हों। लिखित परीक्षा के सभी चरणों में उनका प्रवेश निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने के अध्यधीन पूर्ण रूप से अस्थायी होगा। उम्मीदवार को प्रवेश-पत्र/बुलावा पत्र जारी करने का तात्पर्य यह नहीं है कि उनकी उम्मीदवारी को एसजेवीएन ने अंतिम रूप से क्लीयर कर दिया है। एसजेवीएन नियुक्ति ऑफर जारी करने से पूर्व केवल पात्रता शर्तों के प्रमाणीकरण के लिए ही मूल दस्तावेजों की जांच करेगा।
7. यदि किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि उम्मीदवार पात्रता मानदण्डों को पूरा नहीं करता है तो उसका/उसकी उम्मीदवारी को बिना किसी कारण बताए रद्द किया जा सकता है। **इसी प्रकार पदभार ग्रहण करने के पश्चात भी यदि यह**

पाया जाता है कि उसने गलत सूचना अथवा किसी सूचना को छिपाया है तो कानूनी कार्यवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना उसकी सेवाओं को तुरंत ही समाप्त कर दिया जाएगा।

8. लिखित परीक्षा के लिए अभ्यर्थी के प्रवेश हेतु पात्रता अथवा अन्य किसी भी बारे में एसजेवीएन का फैसला अंतिम होगा।
9. किसी भी मामले में एक अभ्यर्थी द्वारा विभिन्न पदों के लिए एक से अधिक आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे।
10. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करें।
11. **बिना कोई कारण बताए पदों की संख्या को बढ़ाने/घटाने या उच्च/निचले पद के लिए विचार करने या किसी भी पद को न भरने या न्यूनतम पात्रता मानदण्डों को बढ़ाने/या अन्यथा उपयुक्त मामलों में आयु/अनुभव मापदण्डों में छूट देने तथा किसी भी अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द करने /भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार प्रबंधन के पास सुरक्षित है। उक्त अर्हताएं एवं अनुभव होने मात्र से ही कोई अभ्यर्थी लिखित परीक्षा/नियुक्ति हेतु बुलाए जाने का हकदार नहीं हो जाएगा/जाएगी।**
12. इस विज्ञापन के नतीजन किसी दावे के मामले या विवाद संबंधी कोई कानूनी कार्यवाही तथा/या इसके संबंध में किसी आवेदन पर कार्यवाही केवल शिमला में निष्पादित की जा सकेगी तथा ऐसे प्रकरण/विवाद एकल एवं विशेष केवल शिमला के न्यायालयों/अधिकरणों/फोरमों के क्षेत्राधिकार में आएंगे।

<u>आवेदन की विधिः</u>

पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों को एसजेवीएन की वेबसाइट www.sjvn.nic.in के कैरियर सेक्शन के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन करना होगा। **किसी अन्य माध्यम/तरीके से आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा।** वेबसाइट पर आवेदनों के पंजीकरण से पहले अभ्यर्थी निम्नलिखित पर ध्यान दें :

क) वैध ई-मेल आईडी तथा मोबाईल नंबर, जो कम से कम एक वर्ष तक वैध रहना चाहिए।

ख) व्यक्तिगत विवरण तथा शैक्षणिक योग्यता विवरण तथा डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग विवरण जिसके माध्यम से 200/- रुपए के आवेदन शुल्क (अनु.जा., अनु.ज.जा. तथा दिव्यांग को छूट) का भुगतान ऑनलाईन भर्ती पोर्टल पर किया जाना है। एक बार अदा किया गया शुल्क किन्हीं भी परिस्थितियों में वापिस नहीं किया जाएगा।

ग) अभ्यर्थियों के पास नवीनतम पासपोर्ट साईज के स्कैन किए हुए फोटोग्राफ्स के साथ-साथ डिजिटल फार्मेट (केवल जेपीजी या जेपीईजी फाईल में 500 केबी साईज से कम) में हस्ताक्षर का फोटोग्राफ आवेदन पत्र के साथ अपलोड करने के लिए।

घ) अभ्यर्थियों को स्पष्टतः यह बताया जाता है कि किसी अधूरे, आवेदन जमा न करने अथवा किसी भी कारण से जमा करने में हुए किसी विलम्ब के लिए एसजेवीएन किसी भी स्थिति में आवेदन को रद्द करने के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

नोटः

- आवेदकों को परामर्श दिया जाता है कि वे अंतिम क्षणों की व्यस्तता से बचने के लिए समय से आवेदन करे। एसजेवीएन ऑनलाईन आवेदन जमा करने में नेटवर्क की समस्या अथवा किसी अन्य समस्या के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
- कोई भी मैनुअल/पेपर आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे।

किसी भी विसंगति के मामले में विज्ञापन का अंग्रेजी संस्करण स्वीकार्य होगा।